रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 512] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 1, 2014/आश्विन 9, 1936
No. 512] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 1, 2014/ASVINA 9, 1936

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर, 2014

सा.का.नि. 704(अ).—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और खंड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम **"बेगम अख़्तर की जन्मशती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए एक सौ रुपये और पाँच रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2014 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सिक्कों का अंकित मूल्य—"बेगम अख़्तर की जन्मशती" के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण भी किया जायेगा, अर्थात् :—

(i) एक सौ रुपये;

(ii) पांच रुपये।

3. सिक्कों की विमाएं और संरचना—नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और वाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** चाँदी - 50 प्रतिशत तांबा - 40 प्रतिशत निकल - 05 प्रतिशत जस्ता - 05 प्रतिशत
पांच रुपये	वृत्ताकार 23 मिलीमीटर	100	**निकल पीतल** तांबा - 75 प्रतिशत जस्ता - 20 प्रतिशत निकल - 05 प्रतिशत

4. डिजाइन—सिक्कों का डिजाइन निम्नानुसार होगा :—

(i) एक सौ रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे "**सत्यमेव जयते**" मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बांई ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में "**INDIA**" शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक "**₹**" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य "**100**" भी होगा।

पृष्ठ भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में "**बेगम अख़्तर**" का चित्र होगा, सिक्के की उपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**बेगम अख़्तर की जन्मशती**" और निचली परिधि पर अंग्रेजी में "**BIRTH CENTENARY OF BEGUM AKHTAR**" और निचली परिधि पर चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में "1914-2014" उत्कीर्णित होगा।

(ii) पांच रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे "**सत्यमेव जयते**" मुद्रालेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बांई ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में "**INDIA**" शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक "**₹**" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य "**5**" भी होगा।

पृष्ठ भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में "**बेगम अख़्तर**" का चित्र होगा, सिक्के की उपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**बेगम अख़्तर की जन्मशती**" और निचली परिधि पर अंग्रेजी में "**BIRTH CENTENARY OF BEGUM AKHTAR**" और चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में "1914-2014" उत्कीर्णित होगा।

IndiaCode

5. मानक वजन तथा अनुज्ञात उपचार–"बेगम अख़्तर की जन्मशती" के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए सिक्का निर्माण में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात उपचार निम्नलिखित सारणी में यथाविनिर्दिष्ट रूप में होगा, अर्थात् :—

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		धातु संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपए	35 ग्राम	चाँदी में 1/500वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात् चाँदी में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा।	1/100 जोड़ कर या घटा कर अर्थात् वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
पांच रुपए	6 ग्राम	तांबा और जस्ता के लिए 1/100वां कम या ज्यादा अर्थात् तांबा में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत तक का अंतर हो सकता है और जस्ते में 19 प्रतिशत से 21 प्रतिशत तक का अंतर हो सकता है और निकल के लिए 1/200वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात निकल में 4.5 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत तक का अंतर हो सकता है।	1/40वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात् वजन में 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।

[फा. सं. 02/16/2014-सिक्का]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव (एस.पी.एम.सी.-सिक्का)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st October, 2014

G.S.R. 704(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Coinage of One Hundred Rupees and Five Rupees Coins to mark the Occasion of **BIRTH CENTENARY COMMEMORATION OF BEGUM AKHTAR** Rules, 2014.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Denomination of coins.**—**The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "**BIRTH CENTENARY OF BEGUM AKHTAR",** namely:—

(i) One Hundred Rupees;

(ii) Five Rupees.

3. Dimension and composition of coins.—The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimension and composition, namely :—

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent Copper -40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent
Five Rupees	Circular 23 millimeters	100	**Nickel Brass** Copper -75 per cent Zinc - 20 per cent Nickel - 05 per cent

4. Design.—The design of the coins shall be as under :—

(i) **ONE HUNDRED RUPEES**

OBSERVE :

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English, and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**100**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE :

The face of coin shall bear the portrait of "BEGUM AKHTAR" in the centre, with inscription "बेगम अख़्तर की जन्मशती" in Devnagri script on upperperiphery and on the lower periphery shall bear the inscription "**BIRTH CENTENARY OF BEGUM AKHTAR"** in English, and the year's figure "1914-2014" shall be written below the portrait in international numerals.

(ii) FIVE RUPEES

OBSERVE :

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English, and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**5**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE :

The face of coin shall bear the portrait of "BEGUM AKHTAR" in the centre, with inscription "बेगम अख़्तर की जन्मशती" in Devnagri script on upper periphery and on the lower periphery shall bear the inscription "**BIRTH CENTENARY OF BEGUM AKHTAR"** in English, and the year's figure "1914-2014" shall be written below the portrait in international numerals.

IndiaCode

5. Standard weight and remedy allowed.—The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of "**BIRTH CENTENARY OF BEGUM AKHTAR"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table below:

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Five Rupees	6 Grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say Copper could vary from 74 per cent to 76 per cent and Zinc from 19 per cent to 21 per cent and 1/200th plus or minus for Nickel that is to say Nickel could vary from 4.5 per cent to 5.5 per cent.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 5.85 grams to 6.15 grams.

[F. No. 02/16/2014-Coin]

PANKAJ GUPTA, Under Secy. (SPMC & Coin)

IndiaCode

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.